प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 29.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा हैं आज आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम की 123 वीं कडी को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए बताया कि भारत को आंखो की बीमारी **ट्राकोमा** मुक्त घोषित किया गया हैं अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के बारे में श्री मोदी ने बताया कि देश की 64 प्रतिशत आबादी को किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा हैं

.......................................................................

आपातकाल के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दौरान लोगों को कठोर यातनाए दी गई और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोटा गयां उन्होंने कहा कि हमें उन सभी लोगों का श्रद्धापूर्वक स्मरण करना चाहिए जिन्होंने आपातकाल का डटकर मुकाबला कियां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में श्री मोदी ने कहा कि दुनिया के कोने कोने में इसकी भव्य झलक दिखीं उन्होंने कहा कि योग दिवस वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश देता हैं प्रधानमंत्री ने तीर्थ यात्राओं को सेवा के अवसरों का अनुष्ठान बताते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिम्ब बतायां उन्होंने खाने में दस प्रतिशत खाद्य तेल का इस्तेमाल कम करने और मोटापा घटाने की अपील भी दोहरायीं महिला आधारित नेतृत्व को श्री मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए आवश्यक बतायां प्रधानमंत्री ने देशवासियों से खादी, हेंडलूम, वोकल फॉर लोकल को अपनाने का आग्रह कियां

.......................................................................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस समय में सांख्यिकी क्षेत्र का महत्व तेजी से बढ़ रहा हैं उन्होंने कहा कि सांख्यिकी वैज्ञानिक सोच के साथ सामाजिक और आर्थिक नियोजन के लिए प्रेरणा देती हैं राज्यपाल आज जयपुर के एचसीएम रीपा में सांख्यिकी दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित में विभिन्न क्षेत्रों में आंकड़े जमा करना, उनका विश्लेषण कर उपयोग करना प्रभावी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण हैं नीति–निर्माण के लिए डेटा आज के युग की सबसे बड़ी जरूरत हैं सांख्यिकी दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जा रहा हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी समारोह में मौजूद हैं

.......................................................................

भरतपुर के रूपवास में मिट्टी ढहने से दस मजदूर दब गये, इनमें से तीन की मौके पर ही मृत्यु हो गईं वहीं एक श्रमिक ने ईलाज के दौरान दम तोड दियां हादसा गहनोली स्थित जंगी नंगला के पास हुआं यहां चंबल प्रोजेक्ट के तहत पाईप लाईन डालने के लिए गड्ढ़ा खोदा जा रहा था कि श्रमिक दुर्घटना का शिकार हो गयें सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने बचाव अभियान शुरू कर घायलों को आरबीएम अस्पताल पंहुचायां जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने अस्पताल पंहुचकर घायलों का हाल जाना और घटना की जानकारी लीं

.......................................................................

मौसम विभाग ने आज प्रदेश में 24 जिलों के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया हैं इस बीच आज पाली के सादडी, फालना, बाली और मुंडारा क्षेत्र में करीब दो घंटे मूसलाधार बारिश हुईं जालौर में सुबह रिमझिम बारिश का दौर चलां बाडमेर के धनाऊ, चौहटन, शिव, नोखडा और गडरा रोड से भी अच्छी बरसात के समाचार हैं

.......................................................................